<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 17.11.2021

थाना सतरिख क्षेत्र में दो युवतियों व एक युवक तथा एक पुलिस कर्मी द्वारा दो व्यक्तियों से अवैध वसूली करने की घटना के सम्बन्ध में थाना सतरिख पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

दिनांक 16.11.2021 को वादी अरविन्द कुमार वर्मा पुत्र बलदेव वर्मा निवासी सेहगो पश्चिम थाना बछरावां जनपद रायबरेली, हाल पता कस्बा गोसाईगंज थाना लखनऊ ने थाना सतरिख पर सूचना दिया कि वह अपने मामा अनिल वर्मा निवासी गुलरिहा थाना कोठी जनपद बाराबंकी के यहां आता रहता है और दिनांक 14.09.2021 को एक युवती से उसकी फोन पर बात हुई जिसने उससे मिलने के लिये उसे भानमऊ चौराहे पर बुलाया। वहां पहुंचने पर उस युवती द्वारा उसे एकान्त स्थान पर चलने को कहा गया, जहां पर पूर्व से एक महिला मौजूद थी, जिसने उसकी पर्स निकाल ली एवं फोन करके एक पुलिसकर्मी व एक अन्य व्यक्ति को बुला लिया। पुलिसकर्मी द्वारा उसे और उसके मामा को आपराधिक मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर उससे धन उगाही की गई। उक्त सूचना पर थाना सतरिख पर मु0अ0सं0 288/2021 धारा 389/323/504/506/34/120B भादवि0 बनाम आरक्षी धर्मेन्द्र यादव, श्रवण कुमार, पूजा, सुनीता देवी उर्फ पंडिताईन पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त आरक्षी 1. धर्मेन्द्र कुमार यादव पुत्र रमेश चन्द्र निवासी पपरावन थाना बरसठी जनपद जौनपुर, हाल पता नियुक्ति पुलिस लाइन्स जनपद बाराबंकी, 2. श्रवण कुमार यादव पुत्र सहजराम निवासी कोटवा थाना कोठी जनपद बाराबकी, 3. पूजा रावत पत्नी नन्हा रावत निवासी सराय मोहद्दीनपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी, 4. सुनीता देवी उर्फ पंडिताईन पत्नी स्व0 दिनेश निवासी दौलतपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1.धर्मेन्द्र कुमार यादव पुत्र रमेश चन्द्र निवासी पपरावन थाना बरसठी जनपद जौनपुर, हाल पता नियुक्ति पुलिस लाइन्स जनपद बाराबंकी (निलम्बित आरक्षी)

2. श्रवण कुमार यादव पुत्र सहजराम निवासी कोटवा थाना कोठी जनपद बाराबकी

3. पूजा रावत पत्नी नन्हा रावत निवासी सराय मोहद्दीनपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी

4. सुनीता देवी उर्फ पंडिताईन पत्नी स्व0 दिनेश निवासी दौलतपुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी